राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा निजी तथा सहकारी क्षेत्रों को सहायता दिया जाना

2453. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड निजी तथा सहकारी क्षेत्रों में डेरी विकास के लिए कोई सहायता प्रदान करता है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1992-93 तथा 1993-94 के दौरान गुजरात को कितनी सहायता प्रदन की गई; और

(ग) वर्ष 1994-95 के दौरान कितनी सहायता दिये जाने की संभावना है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम): (क) राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड केवल सहकारी क्षेत्र को सहायता प्रदान करता है न कि निजी क्षेत्र को।

(ख) वर्ष 1992-93 तथा 1993-94 के दौरान गुजरात राज्य को प्रदान की गई सहायता राशि का ब्यौरा इस प्रकार है:

वर्ष	लाख रुपयों में
1992-93	3,479.42
1993-94	14,014.86

(ग) वर्ष 1994-95 के दौरान आपरेशन फ्लड-3 के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली संभावित सहायता राशि 9,828.30 लाख रुपये है।

शुष्क भूमि क्षेत्रों का विकास

2454. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्षा पर आधारित क्षेत्रों के लिए आशयित "राष्ट्रीय पनधारा विकास परियोजना" शुरु किए जाने के समय से लेकर आज तक गुजरात में, विशेषरूप से सौराष्ट्र तथा कच्छ क्षेत्रों में शुष्क भूमि क्षेत्रों के विकास में कितनी प्रगति हुई है;

(ख) इस परियोजना के अंतर्गत गुजरात के कौन-कौन से क्षेत्र लाए गए हैं/किन-किन क्षेत्रों को लाए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राज्य में इस परियोजना के कार्यान्वियन हेतु अनुमानत: कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(घ) क्या इस प्रयोजनार्थ कोई वित्तीय सहायता मांगी गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम): (क) वर्षासिंचित क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय पनधारा विकास परियोजना के अंतर्गत 3,34,261 हेक्टेयर क्षेत्र को शामिल करते हुए 168 सूक्ष्म पनधारा विकास परियोजनाओं पर कार्य शुरु किया गया है, जिनमें से गुजरात राज्य में 78 सूक्ष्म पनधाराएं सौराष्ट्र तथा कच्छ क्षेत्र में हैं और इनमें 1,70,957 हेक्टेयर क्षेत्र आता है। इन पर अब तक 2568.86 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

(ख) विवरण संलग्न है। (नीचे देखिए)।

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि में इस राज्य के लिए 8024 करोड़ रुपए का परिव्यय रखा गया है।

(घ) और (ङ) स्वीकृत कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए समस्त धनराशि केन्द्र सरकार द्वारा दी जाती है। अब तक 4322.737 लाख रुपए की राशि दी जा चुकी है।

विवरण

क्र.सं.	जिले का नाम	ब्लाक का नाम
1.	अहमदाबाद	धुंधका
		धोलका
		विरमगम
		देहगाम
		सानन्द
2.	बनासकांठा	दांता
		राधनपुर
		मंतलपुर
		थराड
		वाव
		दीसा
		देवदार
		धनेरा
		कांकरोज
		पालनपुर
		वदनाम
3.	मेहसाणा	छनसमा
		हरीज
		कलोल
		खेरालु
		सिधपुर
		सामी